मूल्य इस रकम से भी काफी कम रहेगा यदि न की गई यात्राओं या पास में लिखे हुये व्यक्तियों से कम व्यक्तियों द्वारा की गई यात्राओं और गन्तव्य दूरी से कम दूरी तक की गयी यात्राओं का भी हिसाब लगाया जाये ।

(घ) जैसा कि भाग (क) के उत्तर में बताया गया है इस सुविधा को वापस लेने का कोई विचार नहीं है क्योंकि विश्व भर में परिवहन संगठन अपने कर्मचारियों को यात्रा सुविधाएं प्रदान करती हैं और यह एक ऐसी सुविधा है जिसका लाभ रेल कर्मचारी दीर्घ काल से उठा रहे हैं ।

विभिन्न कारणों से रेलवे को हुई हानि

150 श्री धनशाह प्रधान : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) दिसम्बर, 1973 के दौरान रेलवे सगचल कर्मचारियों द्वारा हड़ताल और अन्य आन्दोलन करने, तोड़ फोड़, माल और यात्री गाडियों के न चलने और रेल सेवाओं के पुर्णत अस्त व्यस्त हो जाने के कारण रेल मंत्रालय को कितनी राशि की हानि हुई ;

(ख) कितने अधिकारियों और कर्मचारियों को निलम्बित किया गया है और कितने कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है , और

(ग) भविष्य में ऐसी अव्यवस्था के बारे में कर्मचारियों/अधिकारियों और सरकार के बीच क्या कोई समझौता हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या इस बारे में कोई ठोस कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरैशी) : (क) और (ख) . सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

(ग) 13-8-73 को संसद में रेल मंत्री द्वारा दिये गये बयान में यह घोषणा की गयी थी कि "जिन मामलों पर विचार विमर्श और करार हो चुका है, उनके संबंध में इस करार की तारीख से लेकर तीन वर्ष तक किसी तरह की सीधी कार्यवाही का आश्रय नहीं लिया जायेगा ।"

मध्य प्रदेश में रेलवे लाइनों की प्रतिव्यक्ति लम्बाई

151. श्री माधवराव सिन्धिया :

श्री धनशाह प्रधान :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि मध्य प्रदेश में एक लाख व्यक्तियों के पीछे रेलवे लाइनों की लम्बाई कितनी है और अखिल भारतीय औसत की तुलना में यह कितनी है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरैशी) : मध्य प्रदेश में एक लाख जनसंख्या पर 13.82 मार्ग किलोमीटर रेलवे लाइन है जबकि अखिल भारतीय औसत 11.01 है ।

भटिण्डा रेलवे स्टेशन पर पंजाबी भाषा में नोटिसों का लगाया जाना

152. श्री बन्धूलाल चन्द्राकर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भटिण्डा रेलवे स्टेशन पर लगे सभी नोटिस पंजाबी भाषा में हैं और राष्ट्र भाषा हिन्दी का एक शब्द भी पूरे स्टेशन पर नहीं दिखाई देता है ;